कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, भटवाड़ी
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PROVI. DIVISION
P.W.D BHATWARI (UTTARKASHI) PIN- 249135
E.Mail-eepwdbhatwari @rediffmail.com Fax No-01374-244321

पत्रांक 497/ 2उ0 3ी0 दिनांक 6 /03/2021

सेवामे,

प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग,
उत्तरकाशी।

विषय :- जनपद उत्तरकाशी में बौंगा–भैलुड़ा मोटर मार्ग का घण्डियालधार तक विस्तार मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.115 है0 वन भूमि के प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध मे। (FP/UK/Road/10851/2015).

सन्दर्भ :- Regional Office Dehradun Letter No. 8B/U.C.P./06/92/2016/F.C./1832 Dated 26-11-2020 ,एवं इस कार्यालय के पत्रांक–111/(उ0का0)– 3भू0अ0 दिनांक 07/12/2020

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र द्वारा उप महा निरीक्षक वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून द्वारा विषयक प्रस्ताव पर दि0 19.07.2018 द्वारा चाही गयी वांछित सूचनाओं की अनुपालन आख्या नोडल अधिकारी उत्तराखण्ड, देहरादून के चाही गयी है। परन्तु प्रस्ताव पर सन्दर्भित पत्र आपलोड कर प्रस्ताव इस खण्ड को ऑन लाईन वापस कर दिया गया है। भारत सरकार के ई0डी0एस0 दि0 19.07.2018 का प्रति उत्तर इस कार्यालय के पत्रांक–1607/1 भू0अ0 दि0 25/10/2018 को आपको प्रेषित किया गया। पूर्व मे प्रस्ताव हेतु 4.23 है0 भूमि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु सिविल भूमि ग्राम पटूड़ी में स्थित खसरा सं0–2609 चयनित की गयी थी, परन्तु उक्त चयनित भूमि का घनत्व अधिक होने के कारण आपके कार्यालय पत्रांक–9342/12–1 कोटबंगला दि0 14/05/2020 द्वारा सूचित किया गया कि चयनित स्थल वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त प्रप्रतीत नही होता है। जिसके कम मे इस कार्यालय के पत्रांक–37/उ0का0/3 भू0अ0 दि0 08.06.2020 एवं 47/उ0का0/3 भू0अ0 दि0 22/06/2020 द्वारा क्षतिपूरक वृक्षा रोपण हेतु मानकों के अनुरुप अन्य स्थल चयनित करने का अनुरोध किया गया। जिसके कम मे आपके द्वारा जलकुर गाड का0सं0 19 (मेदुग नामे तोक) मे 4.23 है0 भूमि चयनित की गयी, तत्पश्चात चयनित भूमि की Kml file तथा Geo refernce & Toposheet Map, मुख्य वनसंरक्षक आई0टी0 एवं जी0सी0 वन भवन, देहरादून से बनवाने के उपरान्त सम्बन्धित कर्मचारियों/अधिकारियों के हस्ताक्षर करवा कर अपलोड किया गया तथा नवीन क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल के के0एम0एल0 फाईल, डिजिटल मैप तथा जियोरिफरेन्स मैप की 5–5 प्रतियाँ मूल मे आपको इस कार्यालय के पत्रांक–88/उ0का/3 भू0अ0 दि0 22.09.2020 द्वारा आपको प्राप्त करवा दी गयी है।

विगत माह से विषयक प्रस्ताव याचक विभाग के पास ऑन लाईन प्रदर्शित कर रहा है, ऑन लाईन आपत्ति खोलने पर सन्दर्भित पत्र ही प्रदर्शित हो रहा है। सन्दर्भित पत्र मे लगायी गयी आपत्तियो का सम्बन्ध याचक विभाग से न होने के कारण प्रस्ताव पर अग्रेत्तर कार्यवाही नहीं हो पा रही है।

कमशः–2 पर

अतः आपसे अनुरोध है कि विषयक कार्य के ऑन लाईन प्रस्ताव को सम्बन्धित विभागों/कार्यालयों से आवश्यक कार्यवाही करने हेतु लिखने का कष्ट करें।

भवदीय

6/3/2024

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लो०नि०वि०,
भटवाडी।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1:– अपर मुख्य वन संरक्षक नोडल कार्यालय भूमि संरक्षण निदेशालय इन्दिरानगर देहरादून (ईमेल द्वारा)।

2:– अधीक्षण अभियन्ता, छठा वृत्त, लो०नि०वि०,उत्तरकाशी।

3:– सहायक अभियन्ता प्रथम, प्रान्तीय खण्ड लो०नि०वि०,भटवाडी।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लो०नि०वि०,
भटवाडी।